an>

Title: Need to expedite construction of ring road in Ranchi, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची) ः नियम 377 के माध्यम से मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र राँची में हो रहे रिंग रोड के निर्माण की धीमी गति की तरफ दिलाना चाहता हूँ। जैसा कि सभी जानते हैं कि राँची झारखण्ड की राजधानी है और यह उत्तरी एवं दक्षिणी झारखण्ड के बीचो-बीच है। यहाँ से ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार एवं दक्षिण भारत के लिए रोजाना हजारों की संख्या में वाहन निकलते हैं, जिसके कारण आए दिन राँची शहर में जाम बना रहता है और वाहनों के रूक-रूककर चलने की वजह से राँची शहर का प्रदूषण समय के साथ बढ़ रहा है और भीड़-भाड़ होने से दुर्घटनाएँ होती हैं। राँची शहर से गुजरने में घण्टों लग जाते हैं। इस रिंग रोड के निर्माण को सात वर्ष पूर्व तैयार होना था। देरी से निर्माण होने की वजह से इसकी निर्माण लागत भी बढ़ती जा रही है। इस रिंग रोड का निर्माण पहले 156 करोड़ रूपए में तैयार होना था, लेकिन निर्माण कार्य में देरी की वजह से 700 करोड़ रूपए खर्च करने होंगे। इस तरह से लागत में चार गुना से पाँच गुना वृद्धि हुई है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि राँची रिंग रोड में हो रहे लम्बित कार्य के लिए जिम्मेदारी निश्चित कर कार्यवाही की जाए एवं राँची में निर्माणाधीन रिंग रोड के कार्य में तेजी लाई जाए, जिससे राँची की जनता को जाम से राहत मिल सके।